# कुरजाँ

ई–बुलेटिन

(जुलाई 2024 से जनवरी 2025)



स्वर्ण पदक विजेता
का सम्मान 06



मुख्य ट्रस्टी श्री विश्वनाथ जी
मित्तल को दी श्रद्धांजलि 21


# SMT. KAMLA DEVI GAURIDUTT MITTAL
# MAHILA MAHAVIDYALAYA

(Affiliated to M.G.S.U. and Recognized by UGC Under 2f & 12B)

Sardarshahar - 331403 Distt. Churu (Raj.)

Contact.:-01564-220200, 9461813058, 8655663619/20

# INDEX


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | नवप्रवेशित छात्राओं का अभिनंदन | 03 |
| 2 | स्वतंत्रता दिवस | 04 |
| 3 | कलश सजाओ प्रतियोगिता | 05 |
| 4 | स्वर्ण पदक विजेता का सम्मान | 06 |
| 5 | हिन्दी दिवस | 07 |
| 6 | कैरियर अवेयरनेस वर्कशॉप | 08 |
| 7 | गांधी जयंती पर भाषण प्रतियोगिता | 09 |
| 8 | डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन | 11 |
| 9 | फ्रेशर पार्टी | 12 |
| 10 | रंगोली बनाओ प्रतियोगिता | 13 |
| 11 | राष्ट्रीय एकता दिवस | 14 |
| 12 | खेलकूद व सांस्कृतिक पखवाड़े का आयोजन | 15 |
| 13 | नेशनल फॉक फेस्टिवल | 18 |
| 14 | रक्तदान शिविर का आयोजन | 19 |
| 15 | मुख्य ट्रस्टी श्री विश्वनाथ जी मित्तल को दी श्रद्धांजलि | 20 |
| 16 | एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन | 22 |
| 17 | विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन | 27 |
| 18 | गणतंत्र दिवस का आयोजन | 29 |
| 19 | आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा | 30 |

# नवप्रवेशित छात्राओं का अभिनंदन



दिनांक 04 जुलाई, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं का अभिनंदन व स्वागत किया गया। महाविद्यालय की सीनियर छात्राओं ने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को तिलक लगाकर तथा मुँह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय कुमार पारीक ने नवप्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पवान बनते हुए मन लगाकर पढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने भी नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए पूर्ण अनुशासन में रहकर नियमित कक्षाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। सीनियर छात्राओं ने भी नवप्रवेशित छात्राओं का पूर्ण सहयोग करने का संकल्प लिया।

# स्वतंत्रता दिवस




दिनांक 15 अगस्त, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय तथा जी.डी. मित्तल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद श्री मदन ओझा, विशिष्ट अतिथि श्री बजरंग लाल सोनी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक, स्कूल प्रधानाचार्य श्री रमाकान्त शर्मा ने ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय की छात्राओं तथा स्कूल के विद्यार्थियों ने देश भक्ति  गीतो के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी। समारोह में समस्त महाविद्यालय एवं विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय स्टाफ माया निर्वाण व पंकज सैन ने किया।

# कलश सजाओ प्रतियोगिता

दिनांक 24 अगस्त, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी व गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर कलश सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 20 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा रितिका सैनी ने प्रथम स्थान, बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा छवि पाण्डिया तथा बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा मोनिका ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय कुमार पारीक ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दी। निर्णायक मण्डल में सहायक आचार्य श्री कमलकान्त सुथार, डॉ. रश्मि गौड़ तथा श्रीमती हर्षा सोनी सम्मिलित रहे।



# स्वर्ण पदक विजेता का सम्मान

दिनांक 2 सितम्बर, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय की पूर्व छात्रा नेहा बुच्चा पुत्री श्री धनपत बुच्चा को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा आयोजित परीक्षा-2022 में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक की पात्रता अर्जित करने पर महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने बताया कि सुश्री नेहा बुच्चा ने विश्वविद्यालय स्तर पर बी.कॉम. परीक्षा-2022 में 86.17 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। आगामी दीक्षांत समारोह में छात्रा को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव श्री सुरेश जी मित्तल ने भी हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं प्रेषित की एवं प्राचार्य महोदय डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक एवं वाणिज्य संकाय सदस्य श्री सुनील खत्री, श्रीमती हर्षा सोनी व सुश्री प्रीति झांकल द्वारा छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई तथा भविष्य में और भी उपलब्धियां प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्रा के अभिभावक उपस्थित रहे।





# हिन्दी दिवस

दिनांक 12 सितंबर, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी व हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी दिवस के अवसर पर 'हिन्दी भाषा: भारत की पहचान' विषय पर स्लोगन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने भाग लिया।

निर्णायक मण्डल की भूमिका श्री सुदर्शन गोयल, श्री रवि कुमार शर्मा व श्री अश्विनी कुमार शर्मा ने निभाई। प्रतियोगिता का परिणाम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने घोषित किया तथा छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रथम स्थान पर छवि पाण्डिया बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर वंदना पुरोहित एम.ए. फाईनल एवं तृतीय स्थान पर रोनक प्रजापत, बी.ए. बी.एड. प्रथम वर्ष रही। प्रतियोगिता का सफल आयोजन हिन्दी सहायक आचार्य सुश्री रीना वर्मा व रवि कुमार शर्मा के निर्देशन में हुआ।



# कैरियर अवेयरनेस वर्कशॉप

दिनांक 28 सितंबर, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में आइक्यूएसी के तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा कैरियर अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सरदारशहर स्थित सम्यक कंप्यूटर क्लासेज के विषय विशेषज्ञों द्वारा कम्पयूटर के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसर एवं संभावनाओं पर छात्रा को जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्री घनश्याम भोजक द्वारा कैरियर गाइडेंस श्री दीपेंद्र सिंह द्वारा साइबर सिक्योरिटी एवं एथिकल हैकिंग सुश्री रितिका एवं सुश्री नेहा द्वारा डिजिटल मार्केटिंग एवं अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी देकर आज के तकनीकी युग में इन पाठयक्रमों से संबंधित क्षेत्र विषेष में अपना कैरियर बनाने तथा रोजगार के सुअवसर प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मृत्युंजय कुमार पारीक ने सम्यक क्लासेस का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं छात्राओं को अपने कैरियर के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। आइक्यूएसी निदेशक सुश्री रीना वर्मा ने छात्राओं को कंप्यूटर के क्षेत्र में न केवल जानकारी रखने अपितु विशेषज्ञता हासिल करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्य सुनील खत्री ने कंप्यूटर को वर्तमान की आवश्यकता बताते हुए छात्राओं को कंप्यूटर सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम मे सहायक आचार्य कमलकांत सुथार, डॉ रश्मि गौड़ व समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।



# गांधी जयंती पर भाषण प्रतियोगिता



दिनांक 02 अक्टूबर 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व इकाई द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'स्वच्छता ही सेवा है' अभियान के अन्तर्गत आयोजित इस भाषण प्रतियोगिता का विषय 'महात्मा गांधी के स्वच्छता सम्बन्धी विचार' रखा गया।

इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया तथा गांधी के स्वच्छ भारत की कल्पना को साकार करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया तथा छात्राओं को अपने घर के आस–पास तथा महाविद्यालय मे सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा है' अभियान के अन्तर्गत किए गए कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

एनएसएस प्रभारी डॉ0 सरोज चाहर ने स्वयंसेविकाओं द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की तथा स्वच्छता का संकल्प दिलाया। स्वयंसेविका प्रीति जांगिड़,




हर्षिता, पूनम आदि ने अपने-अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेड रिबन प्रभारी सहायक आचार्य श्रीमती हर्षा सोनी, डॉ0 मीना शेखावत व श्री अशोक कुमार सैनी के निर्देशन में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सात टीमों ने हिस्सेदारी की। प्रत्येक टीम में छः छात्राएं शामिल थी। प्रतियोगिता में छात्राओं से गांधी दर्शन, राजस्थान की संस्कृति, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समसामयिकी एवं कक्षा शिक्षण विषयों से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता के तीन राउंड में छात्राओं ने अपनी बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सहायक आचार्य डॉ0 मीनाक्षी तंवर, श्री प्रदीप सहारण, सुश्री प्रीति झांकल, श्री जयप्रकाश ने सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता में कृष्णा सैनी एण्ड टीम ने प्रथम, आइन्स्टाइन टीम ने द्वितीय तथा राजस्थान टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने विजेता टीमों को शुभकामनाएँ दी तथा भविष्य मे भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं मे भाग लेने के लिये प्रेरित किया। निर्णायक मण्डल में सहायक आचार्य सुश्री रीना वर्मा, श्री चन्द्रप्रकाश मूनपुरिया तथा डॉ0 रश्मि गौड़ सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित थी।

# डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन

दिनांक 07 अक्टूबर 2024





श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में नवरात्रा पर्व की खुशी मे डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में छात्राओं द्वारा गुजराती संस्कृति को साकार रूप देते हुए डांडिया एवं गरबा नृत्य की भव्य व शानदार मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक एवं समस्त स्टाफ ने माता दुर्गा की आरती के साथ किया। तत्पश्चात् विभिन्न गीतों पर छात्राओं ने डांडिया एवं गरबा नृत्य की भव्य प्रस्तुतियाँ दी। डांडिया महोत्सव के अवसर पर बेस्ट डांडिया ग्रुप प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके अन्तर्गत दस समूह ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रास वॉरियर्स समूह ने प्रथम, अभिमान समूह ने द्वितीय तथा गरबा समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बेस्ट कॉस्ट्यूम प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा रितिका सैनी ने प्रथम, बी.कॉम. तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान सोनी ने द्वितीय तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा रौनक सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में सहायक आचार्य श्रीमती हर्षा सोनी, डॉ0 रश्मि गौड़, डॉ0 मीनाक्षी तंवर, सुश्री प्रीति झांकल, डॉ0 सरोज चाहर, डॉ0 मीना शेखावत तथा श्रीमती अनीता सैन सम्मिलित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य सुश्री रीना वर्मा ने किया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित थी।

# फ्रेशर पार्टी







दिनांक 09 अक्टूबर, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में 'फ्रेशर पार्टी' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सीनियर छात्राओं ने नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर अभिनन्दन व स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने वाणी की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मित्तल चेरीटीज के ट्रस्टीज एवं महाविद्यालय प्रबन्ध समिति सचिव श्री सुरेश जी मित्तल ने नवागंतुक छात्राओं को शुभकामनाएँ प्रेषित की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया तथा नव प्रवेषित छात्राओं को अपने भविष्य के प्रति सजग रहने का आह्वान करते हुए कहा कि वे शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी निभाये। इस अवसर पर महाविद्यालय मे मिस फ्रेशर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमे बी.एससी. बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा मनीषा महला महाविद्यालय की मिस फ्रेशर चुनी गई। निर्णायक मण्डल में सहायक आचार्य सुश्री रीना वर्मा, श्री सुनील खत्री, डॉ0 सरोज चाहर, डॉ0 मीनाक्षी तंवर, श्रीमती हर्षा सोनी, श्रीमती मंजु स्वामी, श्रीमती अनीता सैन, डॉ0 मीना शेखावत, श्री अश्विनी कुमार शर्मा तथा सुश्री प्रीति झांकल सम्मिलित थी। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनेक प्रस्तुतियाँ भी दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य डॉ0 रश्मि गौड़ ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय समस्त स्टाफ एवं समस्त छात्राएँ उपस्थित थी।

# रंगोली बनाओ प्रतियोगिता




दिनांक 24 अक्टूबर, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत मित्तल महिला महाविद्यालय में दीपावली के शुभ अवसर पर आईक्यूएसी के तत्वावधान मे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान गुंजन सैनी, बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान शिवानी कुमारी, बी.ए. तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान सौम्या शर्मा, बी.कॉम. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में सहायक आचार्य डॉ0 रश्मि गौड़, श्रीमती अनिता सैन व सुश्री प्रियंका स्वामी ने अपनी अहम भूमिका निभाई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का सफल आयोजन सहायक आचार्य सुश्री रीना वर्मा, श्रीमती हर्षा सोनी, डॉ0 सरोज चाहर व डॉ0 मीनाक्षी तवंर के निर्देशन मे हुआ।

# राष्ट्रीय एकता दिवस

दिनांक 31 अक्टूबर, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व इकाई द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश की एकता एवं अखण्डता में दिये गये योगदान का स्मरण किया गया। एन.एस.एस. प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल ने स्वयं सेविकाओं को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने छात्राओं को लौह पुरूष के पद चिह्नों पर चलते हुए देश की एकता एवं अखण्डता बनाये रखने की शपथ दिलाई। एन. एस. एस. प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल तथा डॉ0 सरोज चाहर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने देश की एकता एवं अखण्डता में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय सहायक आचार्य श्री सुनील खत्री, श्री चन्द्रप्रकाश मूनपुरिया, श्री सज्जन कुमार, श्री जयप्रकाश, श्री विकास शर्मा तथा श्री राधेश्याम एवं छात्राएं उपस्थित थी।



# खेलकूद व सांस्कृतिक पखवाड़े का आयोजन

दिनांक 29.11.2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में खेलकूद व सांस्कृतिक पखवाड़े का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने किया। उन्होने बताया कि महाविद्यालय मे शिक्षा के साथ–साथ अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाएं, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाता है। जिससे छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है तथा उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का भी अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के प्रथम दिन मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्राओं ने भागीदारी की। प्रतियोगिता में बी.एससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा मेघा शर्मा ने प्रथम, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान सोनी तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा उर्मिला सैनी ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान एंव बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा सरिता नायक तथा बी.एससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा विनिता जांगिड़ ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दी। निर्णायक मण्डल में सहायक आचार्य डॉ0 रश्मि गौड़, सुश्री प्रीति झांकल तथा श्रीमती अनीता सेन सम्मिलित थी।



खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शतरंज व कैरम (युगल) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने भाग लिया। शतरंज प्रतियोगिता में दिव्या पारीक बी.एससी. द्वितीय वर्ष विजेता व प्रिया सोनी बी.एससी. बी.एड. प्रथम वर्ष उपविजेता रही। कैरम (युगल) में निकिता पारीक बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा पूनम प्रजापत बी.ए. तृतीय वर्ष विजेता व कृष्णा सोनी बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष तथा तमन्ना खेड़ीवाल बी.ए. बी.एड. प्रथम वर्ष उपविजेता घोषित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन खेल प्रभारी श्रीमती प्रियंका पूर्वा व सहप्रभारी श्री राजेश कुमार गोयल के निर्देशन में हुआ।

खेलकुद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के तीसरे दिन बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 29 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का परिणाम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने घोषित किया। जिसमें प्रथम स्थान मेघा शर्मा, बी.एससी. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान रितिका सैनी, बी.ए. तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान नव्या बायंवाला बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल की भूमिका महाविद्यालय सहायक आचार्य डॉ0 रश्मि



गौड़, डॉ0 मीनाक्षी तंवर तथा डॉ0 मीना शेखावत ने निभाई।

खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के चौथे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं ने बढ़ चढ़कर शिरकत की।

शॉटपुट प्रतियोगिता में बी.ए. बी.एड. तृतीय वर्ष की छात्रा सपना मीणा ने प्रथम स्थान बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा देवकी शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा रूकमणी ने तृतीय स्थान



प्राप्त किया।

डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में बी.ए. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्रा भावना मीणा ने प्रथम, बी.एससी. बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा रूकमणी ने द्वितीय तथा बी.ए. बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा भावना पारीक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लॉन्ग जम्प में बी.एड. प्रथम वर्ष की भावना पारीक ने प्रथम, बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष की चन्दा सुथार ने द्वितीय तथा बी.एससी. द्वितीय वर्ष की मेघा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्पून रेस प्रतियोगिता में बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा दिव्यांशी सोनी ने प्रथम, बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा पूनम प्रजापत ने द्वितीय तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा कान्ता सारण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सेक रेस प्रतियोगिता में बी.एससी. द्वितीय वर्ष की मेघा शर्मा ने प्रथम, बी.ए. बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा प्रेरणा सैनी ने द्वितीय तथा बी.एससी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्रा कीर्ति शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

थ्री लेग रेस में बी.एससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा मेघा शर्मा तथा बी.एससी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की कीर्ति शर्मा ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की रेशम तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की सरिता धौलपुरिया ने द्वितीय स्थान एवं बी.एससी. द्वितीय वर्ष की समीक्षा मीणा तथा निकिता शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल प्रभारी श्रीमती प्रियंका पूर्वा के निर्देशन में हुआ।

खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के पांचवे दिन टेबल टेनिस, रस्साकस्सी तथा कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा सौम्या शर्मा विजेता रही तथा उपविजेता बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा राधिका गोदारा रही।






रस्साकस्सी प्रतियोगिता में बी.ए. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्रा राधिका गोदारा की टीम विजेता तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा देवकी शर्मा की टीम उपविजेता रही।

कबड्डी प्रतियोगिता में बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी सोनी की टीम विजेता तथा बी.ए. बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा मोनिका घोटड़ की टीम उपविजेता रही। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल प्रभारी श्रीमती प्रियंका पूर्वा तथा सहप्रभारी श्री राजेश गोयल के निर्देशन में किया गया।

# नेशनल फॉक फेस्टिवल

दिनांक 30 नबम्बर, 2024






श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा नेहरू युवा केन्द्र चूरू के तत्वावधान में संभाग स्तरीय नेशनल फॉक फेस्टिवल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक द्वारा अतिथियों का स्वागत कर किया गया। युवा अधिकारी श्री मंगल जी ने बताया कि यह कार्यक्रम विलुप्त हो रही लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत राजस्थान के वाद्य यंत्र अलगोजा, मोर चंग, ढप, बांसुरी, खडताल सहित विभिन्न नृत्य कलाओं को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने माय भारत पोर्टल सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। जिला सलाहकार समिति युवा कार्यक्रम अधिकारी श्री नेमचंद जी ने कार्यक्रम की उपयोगिता की जानकारी दी। चूरू की अणुव्रत प्रभारी श्रीमती रचना कोठारी ने छोटे–छोटे नियमों की पालना कर अपने भविष्य को सुरक्षित एवं संवर्द्धित करने के विषय में बताया। कार्यक्रम में जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, नागौर सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए लोक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियाँ दी तथा राजस्थान की लोक कलाओं को प्रत्यक्ष साकार रूप दिया। धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल ने तथा संचालन श्री अशोक भोजक ने किया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टाफ तथा छात्राओं ने भागीदारी की।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

दिनांक 06 दिसम्बर, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय तथा एच.डी.एफ.सी. बैंक के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन सेठ श्री सूरजमल गौरीदत मित्तल नेत्र एवं दन्त चिकित्सालय में किया गया। शिविर का उद्घाटन तहसीलदार श्री रतनलाल मीणा, मित्तल महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक, एचडीएफसी बैंक के केसीसी विभाग के क्लस्टर हेड श्री मुकेश शेखावत, ब्रांच ऑपरेशनल मैनेजर श्री विजेन्द्र शेखावत तथा मेडिकल विभाग से डॉ0 विकास सोनी ने किया। मित्तल महाविद्यालय की एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एकदिवसीय शिविर में स्वयंसेविकाओं ने रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। एनएसएस इकाई प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल तथा डॉ0 सरोज चाहर के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। मित्तल महाविद्यालय की छात्राओं ने भी रक्तदान कर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। वहीं महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों ने भी शिविर में रक्तदान किया। एचडीएफसी बैंक शाखा सरदारशहर के कर्मचारियों ने भी शिविर में रक्तदान किया। शिविर में कुल 90 यूनिट रक्तदान हुआ।

शिविर में रक्तदान करने वालों को आयोजको की ओर से अल्पाहार दिया गया। शिविर में समस्त महाविद्यालय स्टाफ, बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा मेडिकल टीम का सहयोग रहा।











■■■

# मुख्य ट्रस्टी श्री विश्वनाथ जी मित्तल को दी श्रद्धांजलि

दिनांक 13 दिसम्बर 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में स्वः श्री विश्वनाथ जी मित्तल की श्रद्धांजलि सभा शुक्रवार दिनांक 13 दिसम्बर 2024 को अयोजित की गई। ज्ञातव्य है कि श्री विश्वनाथ जी मित्तल का आकस्मिक देहावसान गत 7 दिसम्बर, 2024 को हो गया था। इसी क्रम में उनके द्वारा सरदारशहर क्षेत्र में किए गये जनकल्याणकारी कार्यो के स्मरणार्थ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए यह सभा आयोजित की गई।

इस अवसर पर मित्तल परिवार के सदस्य श्री अक्षय जी मित्तल, श्री सज्जन जी मित्तल, श्री राधेष्याम जी मित्तल, श्री सीताराम जी मित्तल उपस्थित रहे। मुम्बई से ऑनलाईन जूम के माध्यम से श्री सुरेश जी मित्तल, श्री अशोक जी मित्तल, श्री किशन जी मित्तल, श्री अरूण जी मित्तल, श्री किशोर जी मित्तल भी श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुये। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने श्री विश्वनाथ जी मित्तल का जीवन परिचय व उनके द्वारा सरदारशहर क्षेत्र में किए गये जनकल्याणकारी कार्यो को प्रस्तुत किया।







श्रद्धांजलि सभा में स्वः श्री विश्वनाथ जी मित्तल द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, गौ सेवा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यो के लिए उनका स्मरण किया गया। श्रद्धांजलि देने वालो में श्री राजकुमार जी रिणवा, पूर्व विधायक श्री अशोक जी पींचा, श्री बृजमोहन जी सर्राफ, जी.डी. मित्तल स्कूल के प्राचार्य श्री रमाकान्त जी शर्मा, श्री शिवरतन जी सर्राफ, श्री कनकमल जी दूगड़, श्री बनवारी लाल जी जांगिड़, श्री माणकचन्द जी भाटी, श्री अशोक हरचन्दानी, श्री सम्पत जी जांगिड़, श्री बजरंग लाल जी सोनी, श्री छगनलाल जी सेवदा, श्री महेष जी पंसारी, श्री सुरेश जी वर्मा, श्री सत्यनारायण जी जांगिड़, श्री विनोद जी उड़सरिया, श्री राजकुमार जी कन्दोई, श्री पुरूषोत्तम जी जैसनसरिया, श्री गिरधारी लाल जी पारीक, के.के.सी. महाविद्यालय के श्री किशोर सिंह जी, सरस्वती शिक्षण संस्थान के श्री ओमप्रकाश जी सैनी, हरि टी.टी. कॉलेज के श्री पवन जी शर्मा व श्री शक्ति टी.टी. कॉलेज के श्री श्यामलाल जी सैनी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सरदारशहर विधायक प. अनिल भंवरलाल शर्मा, सरदारशहर उद्योग संघ रिको, हैन्डीक्राफट एसोसिएशन, कामधेनु गौशाला, गायत्री परिवार, व्यापार एवं उधोग संघ, कर्मभूमि सेवा संस्थान, सरदारशहर एकता मंच, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नं. 4 आदि ने शोक सन्देश भेजकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस सभा में महाविद्यालय स्टाफ, जी.डी. मित्तल स्कूल स्टाफ तथा मित्तल नेत्र एवं दन्त चिकित्सालय के स्टाफ ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये। सभा का संचालन सहायक आचार्य श्री सुदर्शन गोयल ने किया।

# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

दिनांक 20 दिसम्बर, 2024

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय कुमार पारीक ने वाणी की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर उन्होनें एन. एस. एस. की स्वयं सेविकाओं को इसके महत्त्व के बारे मे समझाते हुए पूर्ण निष्ठा एवं सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एन.एस.एस. की प्रथम इकाई के प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल ने सात दिवसीय शिविर के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। एन. एस. एस. की दूसरी इकाई प्रभारी डॉ. सरोज चाहर ने स्वयंसेविकाओं से अनुशासन से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका प्रीति जांगिड़ ने किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित थी।

दिनांक 21 दिसम्बर, 2024 को सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसके अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं ने राणी सती मन्दिर प्रांगण में साफ–सफाई कर व्यवस्थाओं को सुचारू किया। छात्राओं ने आसपास के परिवेश में बिखरे प्लास्टिक



तथा अन्य कचरे आदि का संग्रहण कर निस्तारित किया। साथ ही आसपास के लोगों को स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता का संदेश देकर इसके महत्व के बारे मे बताया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने विशेष शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एनएसएस इकाई प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल तथा डॉ0 सरोज चाहर ने एनएसएस की गतिविधियों से अवगत करवाया। उन्होंने छात्राओं को पूर्ण अनुशासन के साथ एनएसएस की सम्पूर्ण गतिविधियों में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ सदस्यों का भी विशेष सहयोग रहा।

दिनांक 22 दिसम्बर, 2024 को सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन छात्राओं को महिला रोगों की रोकथाम व उपचार विषय में जानकारी दी गई। डॉ0 सरोज चाहर के द्वारा छात्राओं को महिला रोगों से किस प्रकार बचा जा सके तथा उनका निदान कैसे किया जाये इस विषय में विस्तार से समझाया गया। छात्राओं के द्वारा यह जानकारी गोद ली गई बस्ती रामनगर बास में महिलाओं के साथ साझा कर उन्हें इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान भी किया गया। एनएसएस इकाई प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल द्वारा छात्राओं को गोद ली गई बस्ती में स्वच्छता एवं रोगों को बचने के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। इसके पूर्व शिविर के तीसरे दिन का प्रारम्भ छात्राओं ने योग के अभ्यास के द्वारा किया। पहला सुख निरोगी काया की उक्ति को चरितार्थ करते हुए छात्राओं ने योग के विभिन्न आसन्नों के माध्यम से योग अभ्यास कर भारत को पूर्ण स्वच्छ बनाने के लिए एकजुटता दिखाते हुए अपने संकल्प को दर्शाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एनएसएस शिविर में महाविद्यालय के सहायक आचार्य श्री राजेश गोयल, श्री अशोक सैनी व श्री भागीरथ जी का विशेष सहयोग रहा।

दिनांक 23 दिसम्बर, 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त रूप से चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेविकाओं ने राजस्थान सरकार एवं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी क्षेत्रवासियों को दी । स्वयंसेविकाओं ने बताया कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं । इसके अंतर्गत पढ़ने के लिए अनेक प्रकार की छात्रवृत्तियां जैसे समाज कल्याण विभाग, श्रम मंत्रालय, मुख्यमंत्री सहायता इत्यादि दी जाती हैं जिससे विद्यार्थी अपनी पढ़ाई बिना आर्थिक संकट के जारी रख सकते हैं। इसी प्रकार बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना, सम्मान पेंशन योजना, राष्ट्रीय पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, पालनहार योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। राजश्री योजना फॉर्म के सहायता राशि और जरूरी दस्तावेजों के बारें में भी क्षेत्रवासियों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। एनएसएस प्रभारी सुदर्शन गोयल तथा डॉ.सरोज चाहर के



निर्देशन में चल रहे विशेष शिविर में स्वयंसेविकाओं ने पूर्ण निष्ठा के साथ एनएसएस की गतिविधियों में भागीदारी की। शिविर में प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय कुमार पारीक ने भी छात्रों का हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. मयंक गुप्ता, श्री राजेश गोयल, श्री अशोक कुमार सैनी, श्री विकास शर्मा, श्री भागीरथ, श्री शिवम रावत, श्री अक्षय सैनी आदि का विशेष सहयोग रहा।





दिनांक 24 दिसम्बर, 2024 को सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन महाविद्यालय द्वारा गोद ली गई बस्ती रामनगर बास के वार्ड नम्बर एक व वार्ड नम्बर तीन में स्वयंसेविकाओं के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर नशा नहीं करने का आह्वान किया। स्वयंसेविकाओं ने क्षेत्र



वासियों को नशीले पदार्थ से होने वाली विभिन्न बीमारियों तथा नुकसान के बारें में जानकारी देते हुए नशा न करने का संकल्प दिलाया। क्षेत्र वासियों ने भी स्वयंसेविकाओं के आह्वान पर भविष्य में नशीले पदार्थों का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल तथा डॉ. सरोज चाहर के नेतृत्व में चल रहे इस विशेष शिविर में स्वयंसेविकाओं ने घर–घर जाकर लोगों में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता का प्रचार प्रसार किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने शिविर का अवलोकन किया और छात्राओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

दिनांक 24 दिसम्बर, 2024 को सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत छठे दिन अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बुधवार को सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया। स्वयंसेविकाओं ने चौधरी का कुआं स्थित रानी सती मंदिर से मेन बाजार तक सड़क सुरक्षा रैली निकालकर लोगों को यातायात के नियमों से अवगत कराया। स्वयंसेविकाओं ने बाइक सवारों से हेलमेट का प्रयोग करने का आह्वान किया। साथ ही अपनी गाड़ियों को पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करने तथा फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु समझाइश की। कार्यक्रम के इस क्रम मे छात्राओं को साइबर क्राइम से अवगत करवाने के लिए रानी सती मन्दिर हॉल में एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ0 गजानन्द जी शर्मा ने साइबर क्राइम से होने वाली धोखाधड़ियों से बचने के लिए विभिन्न उपायों के बारे में बताया। उन्होने बताया कि हम जागरूक रहकर साइबर क्राइम से होने वाली ठगी से बच सकते है। कार्यक्रमो की इसी शृंखला के अन्तर्गत दोपहर के समय छात्राओं को ईच्छापूर्ण मन्दिर के भ्रमण के लिए भी ले जाया गया। जहां छात्राओं ने अपनी भारतीय संस्कृति के सुखद तत्वों से आत्मसात होते हुए अपने देश की विभिन्न परम्पराओं का बारीकी से निरीक्षण किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल तथा डॉ0 सरोज चाहर के निर्देशन में चल रहे इस विशेष शिविर में छात्राओं ने एक साथ अनेक विषयों का ज्ञान अर्जित कर भविष्य में उनको जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने शिविर का अवलोकन कर स्वयंसेविकाओं के कार्यो की सराहना की। शिविर में सहायक आचार्य सुश्री प्रीति झांकल, सुश्री पूजा शर्मा, श्री प्रदीप साहरण तथा श्री अक्षय कुमार का विशेष सहयोग रहा।

दिनांक 25 दिसम्बर, 2024 को सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेविकाओं ने गोद ली गई बस्ती रामनगर बास के वार्ड नं. एक तथा वार्ड नं. तीन में भ्रमण कर जरूरतमंद लोगों को गर्म एवं ऊनी कपड़ों का वितरण



किया। स्वयं सेविकाओं ने अपने घरों से उपयोग में नहीं आ रहे और अच्छी स्थिति में मौजूद गर्म कपड़ों का संग्रहण कर घर–घर जाकर जरूरतमंद लोगों को स्वेटर, शॉल, जैकेट सहित विभिन्न ऊनी कपड़े बांटे, जिससे कि तेज सर्दी से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का बचाव हो सके। इसी क्रम में स्वयंसेविकाओं ने पढ़ाई के लिए जन जागरूकता अभियान भी चलाया। सब पढ़े–सब बढ़े की थीम पर स्वयं सेविकाओं ने स्कूली बच्चों को स्टेशनरी सामान वितरीत किया। इसके अंतर्गत विभिन्न पुस्तकें, पेंसिल, रबर, शॉपनर आदि बांटे गए। उन्होंने रामनगर वासियों को समझाया कि पढ़ना लिखना आज के समय में बहुत जरूरी है अतः सभी अपने बच्चों को पढ़ाएं। सरकार द्वारा भी 12वीं तक नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है जो सभी का अधिकार है। अतः सभी पढ़ लिखकर सक्षम बने। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी सुदर्शन गोयल तथा डॉ0 सरोज चाहर के निर्देशन में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह भी आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल ने सात दिवसीय विशेष शिविर में किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने छात्राओं द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में किए गए समग्र कार्यो की प्रशंसा की। समापन समारोह का संचालन स्वयं सेविका प्रीति जांगिड़ ने किया। स्टाफ सदस्य के रूप में सहायक आचार्य अक्षय कुमार, पुस्तकालय अध्यक्षा श्रीमती मंजू स्वामी, कंप्यूटर ऑपरेटर सुश्री कोमल शर्मा आदि उपस्थित रहे।





# विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

दिनांक 18 जनवरी, 2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में महाविद्यालय तथा क्षेत्र की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की छात्राओं ने विज्ञान, भूगोल एवं कम्प्यूटर के लगभग 90 मॉडल प्रदर्शित किए, जिनमें आपणों गांव, विकसित शहरीकरण, चन्द्रयान, प्रदुषण नियंत्रण, मानव तन्त्र, सोलर सिस्टम, लेजर सेफटी, कचरा निस्तारण, जल शुद्धीकरण, ऊँटनी के दूध के उत्पाद, जैसे विभिन्न विषयों के मॉडल शामिल थे।

प्रदर्शनी का उद्घाटन कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ वी.के. सैनी, एसबीडी राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 कविता दीक्षित, महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य श्री बृजमोहन सर्राफ, श्री बजरंगलाल सोनी, शिवानन्द नौटियाल राजकीय महाविद्यालय, उत्तराखण्ड के सहायक आचार्य डॉ0 मदनलाल शर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक तथा जी.डी. मित्तल स्कूल के प्राचार्य श्री रमाकान्त शर्मा ने वाणी की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया।

वर्किंग मॉडल के अन्तर्गत प्रथम स्थान पर कीर्ति शर्मा, विनिता जांगिड़ तथा अंजु बरोड़, बी.एससी. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर चेतना टांडी तथा कल्पना केम्ब्रीज कान्वेन्ट स्कूल सरदारशहर एवं तृतीय स्थान पर दिव्या पारीक बी.एससी. द्वितीय वर्ष रही तथा नॉन-वर्किंग मॉडल में प्रीति जांगिड़ बी.एससी.बी.एड. चतुर्थ ने प्रथम स्थान, मेघा शर्मा व चंचल शर्मा बी.एससी. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं प्रियंका स्वामी बी.ए. तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देकर पुरस्कृत किया। इसके अन्तर्गत वर्किंग मॉडल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही छात्राओं को क्रमशः 5100/-, 3100/- एवं 2100/- का पुरस्कार दिया गया। वहीं नॉन-वर्किंग मॉडल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही छात्राओं













को क्रमश 3100/- 2100/- एवं 1100/- का पुरस्कार दिया गया। सभी प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र व उपहार दिए गये। निर्णायक मण्डल में राजकीय कन्या महाविद्यालय, सरदारशहर के प्राचार्य डॉ0 योगेश चाहर, एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर के प्रो. महमूद अली खां तथा राजकीय महाविद्यालय, तारानगर के सहायक आचार्य डॉ0 शंकरलाल बेनीवाल सम्मिलित थे। महाविद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर एवं शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव श्री सुरेश जी मित्तल व ट्रस्टी श्री किशन जी मित्तल ने समस्त स्टाफ सदस्यों व बच्चों को शुभकामनाएँ प्रेषित की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 रश्मि गौड़ ने किया।

# गणतंत्र दिवस का आयोजन



दिनांक 26 जनवरी, 2025

मित्तल चेरिटीज, मुम्बई द्वारा सरदारशहर में संचालित श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय, जी.डी. मित्तल स्कूल तथा सेठ श्री सूरजमल गौरीदत्त मित्तल नेत्र एवं दन्त चिकित्सालय द्वारा भारत का 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बजरंग लाल जी सोनी, श्री परमेश्वर जी पारीक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक व जी.डी. मित्तल स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री रमाकान्त जी शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं तथा स्कूल के विद्यार्थियों ने परेड, देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण आदि प्रस्तुत किए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने अपने उद्बोधन में अधिकार व कर्तव्यों की आवश्यकता व महत्त्व पर जोर दिया। विद्यालय प्रधानाध्यापक श्री रमाकान्त जी शर्मा ने संविधान की प्रस्तावना व संविधान की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने के साथ-साथ देश की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय सचिव श्री सुरेश जी मित्तल व ट्रस्टी श्री किशन जी मित्तल ने समस्त स्टाफ सदस्यों व बच्चों को शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा

दिनांक 27 जनवरी, 2025





श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय मे दिनांक 27 जनवरी, 2025 से 31 जनवरी, 2025 तक आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा दिसम्बर 2024 का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. SEM-I व SEM-III की सभी नियमित छात्राओं ने पूर्ण तैयारी के साथ परीक्षा दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० मृत्युंजय कुमार पारीक ने बताया कि यह परीक्षा महाराजा गंगासिह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आन्तरिक मूल्यांकन प्रणाली की अनुपालना में आयोजित की गई जो निश्चित ही छात्राओं की विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा की तैयारी में भी सहायक सिद्ध होगी।

***Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya***

***Sardarshahar – 331403***

***Distt. Churu, State: Rajasthan***

***Phone : 01564-220200***

***Principal Mobile :- 9461213058, 8655663620***

***College office Mobile :- 8655663619***

***Email: - officekdgd@gmail.com***

***Website: - https://mgcsrdr.com***

***Facebook: - https://www.facebook.com/mittal.mahavidyalaya***

***YouTube: - https://www.youtube.com/channel/UCvu2UNVDyXSM7tD3H-mM5DA***

***Instagram:- https://www.instagram.com/mittalmahavidyalaya/***

***Whatsapp:- 8655663619***


Since-1981
श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त
मित्तल महिला महाविद्यालय
ACCREDITED WITH GRADE
B++
NAAC
(Approved by NCTE & DCE Raj. Affiliated to M.G.S.U. and Recognized by UGC Under 2f & 12 B)
ताल मैदान, सरदारशहर-331403 (चूरू) राज.
Courses Offered
B.A.
B.Com.
B.Sc.
Maths/Bio
M.A.
Geography
M.Com.
ABST
M.Sc.
Chemistry
PGDCA
B.A. B.Ed.
B.Sc. B.Ed.
CCC
RS-CIT
TALLY
स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम
के साथ प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी
UPSC/ RPSC
SSC-CGL
RSMSSB EXAMS
बैंक क्लर्क / बैंक पी. ओ.
CET (Common Eligibility Test)
लेखापाल
राज. पुलिस
पटवार
अन्य प्रतियोगी परिक्षाएं
NET (Geography & Chemistry)
सभी प्रतियोगी परिक्षाओं
हेतु उपयोगी कक्षाएं
- राजस्थान सामान्य ज्ञान
- करंट अफेयर्स
- Maths / Reasoning
- English/ Hindi
- पर्सनेलिटी डेवलपमेन्ट
- कम्प्यूटर
- हिन्दी व अंग्रेजी टाइपिंग
प्रवेश हेतु सम्पर्क करें
Ph. 01564-220200, 9660294723, 9461985738, 7976727211
www.Mgcsrdr.com
officekdgd@gmail.com

44 वर्षों से महिला शिक्षा को समर्पित शिक्षण संस्थान

महाविद्यालय को नैक एक्रिडिटेशन में बी++ ग्रेड

ACCREDITED WITH GRADE B++ NAAC

Since-1981

# श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर से सम्बद्ध एवं यूजीसी से मान्यता प्राप्त (2f/12b)

सरदारशहर-331403, जिला-चूरू (राज.)

## महाविद्यालय में सुविधाएं

- यूजीसी द्वारा निर्धारित योग्यताधारी स्टाफ।
- शहर के मध्य स्थित आधुनिक संसाधनों से युक्त महाविद्यालय भवन।
- पूर्ण संसाधनों से युक्त प्रयोगशालाएं।
- सीसीटीवी कैमरे युक्त महाविद्यालय कैम्पस।
- प्रतिवर्ष छात्राओं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम।
- N.S.S., Scout, Red Ribbon एवं स्पोर्ट्स की सुविधा।
- सर्वांगीण विकास के लिए सह पाठयक्रम गतिविधियां।
- कम फीस में बेहतर शिक्षा।
- समृद्ध पुस्तकालय–वाचनालय एवं बुक बैंक।

## UG COURSES

B.A. | B.Com. | B.Sc. (BIO/MATHS)

## PG COURSES

M.A. (GEOGRAPHY) | M.Com. (ABST) | M.Sc. (CHEMISTRY)

## COMPUTER COURSES

RS-CIT | CCC | TALLY

PGDCA (1 YEAR DIMPLOMA COURSE)

RKCL DIPLOMA COURSES

## विशिष्ट सुविधाएं जो महाविद्यालय को बनाती है एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान



- सरकारी एवं निजी संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति एवं बुक बैंक से पुस्तकों की सुविधा
- स्पोकन इंग्लिश, कम्पीटिशन एक्जाम क्लासेज व पर्सनेलिटी डेवलपमेंट क्लासेज
- RS-CIT कोर्स में महाविद्यालय की नियमित छात्राओं को विशेष छूट
- मित्तल चिकित्सालय में छात्राओं व अभिभावकों को परामर्श एवं उपचार में 10% से 100% छूट
- प्लेसमेंट सेल द्वारा मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

B.A. B.Ed. व B.Sc. B. Ed. की छात्राएं काउंसलिंग में मित्तल कॉलेज का चयन करके नियमित कक्षाओं का लाभ उठायें।

www.mgcsrdr.com | Email: officekdgd@gmail.com | /mittal.mahaviyalaya

@CollegeMittal | mittal.mahavidyalaya | Mittal Girls College

Ph.:-01564-220200

Mob.: 94619 85738, 7976727211, 9660294723

ANIL PRINTERS # 96 9466 9466

**44 वर्षों से महिला शिक्षा को समर्पित शिक्षण संस्थान**

महाविद्यालय को नैक एक्रिडिटेशन में बी++ ग्रेड

# श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर से सम्बद्ध एवं यूजीसी से मान्यता प्राप्त (2f/12b)

सरदारशहर-331403, जिला-चूरू (राज.)

Since-1981

ACCREDITED WITH GRADE B++ NAAC

## महाविद्यालय में सुविधाएं

- सरदारशहर का एकमात्र इंटीग्रेटेड बी.एड. महिला महाविद्यालय।
- यूजीसी व एनसीटीई द्वारा निर्धारित योग्यताधारी व अनुभवी स्टाफ।
- दोहरी उपाधि के साथ व्यक्तित्व एवं कौशल विकास।
- आधुनिक सुविधायुक्त कक्षा–कक्ष, प्रयोगशाला, पुस्तकालय व वाचनालय।
- बुक बैंक द्वारा जरुरतमंद छात्राओं को पुस्तकों की सुविधा।
- सरकारी योजना के अनुसार छात्रवृत्ति सुविधा।
- कैफेटेरिया व वाई–फाई सुविधा युक्त परिसर।
- पाठ्यक्रमानुसार शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियां।
- ITEP (Integrated Teacher Education Program) के लिए पंजीकृत संस्था।
- नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षण कौशल का विकास।

## INTEGRATED COURSES

**B.A. B.Ed. | B.Sc. B.Ed.**

4 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स

(College Code : 410W020)

**NCTE से मान्यता प्राप्त**

**रोजगारपरक पाठ्यक्रम**

**PTET काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश**

**PTET काउंसलिंग में मित्तल कॉलेज का चयन करके मित्तल महिला महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करें एवं महाविद्यालय की सुविधाओं व नियमित कक्षाओं का लाभ लेवें।**

## मित्तल महिला महाविद्यालय की विशिष्ट उपलब्धि – नैक एक्रिडिटेशन में बी++ ग्रेड

मित्तल महिला महाविद्यालय राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नेक) से बी++ ग्रेड प्राप्त करने वाला संभाग का पहला निजी महाविद्यालय है। इस उपलब्धि के साथ महाविद्यालय राज्य के प्रमुख महाविद्यालयों की सूची में शामिल हो गया है।

यह ग्रेड महाविद्यालय के शैक्षणिक संसाधनो, भौतिक संसाधनो, परिक्षा परिणाम, रिसर्च गतिविधियां, टीचिंग मैथर्ड व सह शैक्षणिक गतिविधियों एवं फीडबैक के आधार पर निर्धारित होती है।



नैक पीयर टीम विजिट



राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

Certificate of Accreditation

The Executive Committee of the National Assessment and Accreditation Council is pleased to declare Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya ... Sardarshahar, Churu, affiliated to Maharaja Ganga Singh University, Rajasthan as Accredited with CGPA of 2.82 on four point scale at B++ grade valid up to December 14, 2028

Date : December 15, 2023

Director

www.mgcsrdr.com | Email: officekdgd@gmail.com | /mittal.mahaviyalaya

@CollegeMittal | mittal.mahavidyalaya | Mittal Girls College

Ph.:-01564-220200

Mob.: 94619 85738, 7976727211, 9660294723

ANIL PRINTERS # 96 9466 9466